## खबर संक्षेप



### छोटाबांस में 50 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए

**रादौर।** अंतरराष्टीय समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब व रोटरी क्लब वूमेंस की ओर से सोमवार को सरकारी स्कूल छोटाबांस में 50 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इनरव्हील क्लब की प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा व रोटरी क्लब वूमेंस की प्रधान पूजा माटिया ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। उन्होंने बताया कि दोनों क्लबों की ओर से स्कूल में बच्चों के लिए एक कम्प्यूटर भेंट किया गया है। वहीं स्कूल में लड़कियों के लिए क्लब की ओर से पिंक टॉयलेट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 4 सितंबर को सुबह 10 बजे ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में क्लब की ओर से अध्यापक दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें स्कूलों के अध्यापकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। रोटरी क्लब क्षेत्र में समाजसेवा से जुड़े कार्यों को उमंग व उत्साह के साथ कर रही है।

### गुरु शक्ति सच्चे भाव की करती है रक्षाः शक्ति देव

**कुरुक्षेत्र।** गांव डेरूमाजरा में धर्मेन्द्र सैनी के निवास पर जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरडी वाले ने प्रवचन करते हुए प्रेरणा दी कि प्रत्येक इंसान को अपने गुरु के प्रति सच्ची भावना से लगना चाहिए। गुरु शक्ति सच्चे भाव की ही रक्षा करती है। और जीवन में कभी भी अकाल कष्ट नहीं आता और कभी असाध्य रोग नहीं आता। उसका वंश पृथ्वी पर निरंतर जारी रहता है इसलिए हमें निस्वार्थ भाव से सद्गुरु की सेवा करनी चाहिए। सद्गुरु हमेशा सकारात्मक उर्जा प्रदान करते हैं वहीं सम्पूर्ण परिवार की रक्षा प्रदान करती है इसलिए हमें हमेशा गुरु चरणों के प्रति पूर्ण समर्पित होकर निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने बताया गुरु चरणों की सेवा सर्वोपरि है सभी को अपने गुरुदेवजी का आशीर्वाद लेना चाहिए।

### वामन द्वादशी मेला 3 और 4 को लगेगा

**कुरुक्षेत्र।** वामन द्वादशी मेला आयोजित समिति के संयोजक जय नारायण शर्मा और श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान यशेंद्र शर्मा ने कहा कि शहर की संस्थाओं के सहयोग से श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा सन्निहित सरोवर पर वामन द्वादशी मेले का आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद और महंत बंसीपुरी महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। इस मेले को लेकर 3 व 4 सितंबर को कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार मेले का थीम स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान को समर्पित होगा। इस अभियान के तहत 4 सितंबर को दोपहर 3 बजे श्री दुखभंजन महादेव मंदिर से श्रीवामन भगवान की शोभा यात्रा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और महंत बंसीपुरी महाराज के सान्निध्य में का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा भी स्वच्छता को समर्पित होगी और उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा इस यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा दुखभंजन मंदिर से चलकर रेलवे रोड, आर्य समाज मार्केट, आंबेडकर चौक से गुजरेगी।

## तीन वार्डों में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 189.32 लाख रुपये

# गधौली में धर्मशाला का निर्माण होगा विधायक व मेयर ने किए शिलान्यास

वार्ड 11 में 18.90 लाख और 15 में 81.13 लाख से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

इन वार्डों में गलियों, नालियों, श्मशान घाट व धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।

नगर निगम के तीन वार्डों में 189.32 लाख रुपये के विकास कार्य होंगे। सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेट नेपाल राणा ने विकास कार्यां का शिलान्यास किया। नगर निगम के वार्ड 11 में 18.90 लाख रुपये, वार्ड 15 में 81.13 लाख रुपये व वार्ड 8 में 89.29 लाख रुपये के विकास कार्य होंगे। इन वार्डों में गलियों, नालियों, श्मशान घाट व धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि वार्ड 15 के लाजपत नगर में 46.66 लाख की लागत से जगदीश बावा के घर से गोयल आटा चक्की तक व हनुमान गेट से वाल्मीकी द्वार तक गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, लाजपत नगर में ही 34.47 लाख की लागत से दुर्गादास अकाउंटेंट के घर से हरिओम हरजाई के घर तक गली व नाली और लाजपत नगर में ही 13 नालियों का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 11 के गधौली गांव में 18.90 लाख की लागत से धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा। गधौली में धर्मशाला बनने से क्षेत्र के लोगों को बारिश व धूप में सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम करने के लिए जगह मिल जाएगी। मेयर ने बताया कि वार्ड 18 के औरंगाबाद में 73.32 लाख की लागत से विभिन्न गलियों, नालियों, श्मशान घाट की चारदीवारी व रास्तों का निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं, मंडेबर गांव में 15.97 लाख की लागत से मुख्य सड़क से ईशम सिंह के घर तक सड़क व नालियों का निर्माण किया जाएगा।



यमुनानगर। वार्ड 15 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल अध्यक्ष संध्या रावत, महामंत्री संदीप बजाज, मंडल सचिव हरिओम हरजाई, कपिल, राजेश कश्यप, राजेश कुमार व श्रीकांत आदि मौजूद थे।

### बिना भेदभाव होंगे विकास कार्य

*मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखकर बिना भेदभाव हर वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे है। अनेक बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए गए है। हर वार्ड में गलियों व नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि लोगों को आसान राह मिले। पानी निकासी का समाधान हो। भाजपा नेता नेपाल राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनहित में कार्य कर रही है। अनेक योजनाएं शुरू कर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।*



यमुनानगर। जिला सचिवालय में लोगों की समस्याएं सुनते डीआईओ विनय गुलाटी व अन्य। – फोटो : हरिभूमि

## शिविर में समाधान के लिए पहुंची पांच शिकायतें

- अधिकारियों ने शिकायतों का जल्द समाधान करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला सचिवालय में लोगों की शिकायतों का समाधान करने को लेकर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीआईओ विनय गुलाटी ने की। शिविर में समाधान के लिए पांच शिकायतें पहुंची। जिनका अधिकारियों ने जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

डीआईओ ने बताया कि सोमवार को समाधान शिविर में पांच शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें गांव छारी निवासी मीना देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने बारे व गांव संखेड़ा निवासी ओमकार ने नाली के ऊपर नाजायज कब्जा हटवाने बारे शिकायत दी। इसके साथ ही बूड़िया निवासी दीपचंद ने कानूनी कार्यवाही करने बारे, मॉडल कॉलोनी निवासी धर्म नारायण शर्मा ने इंतकाल दर्ज करवाने बारे तथा गांव कैल निवासी पवन कुमार ने ईटों की पेमेंट पंचायत से करवाने बारे अपनी शिकायत दी। जिनका जल्द समाधान करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है।

### दो दिन लगते हैं शिविर

डीआईओ ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करनाए ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।

## जिला अध्यक्ष को किया सम्मानित

- गांव लाल छप्पर में हुई भाकियू की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भाकियू के तत्वावधान में सोमवार को गांव लाल छप्पर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दीपराणा नंबरदार ने की। बैठक में जिला संरक्षक महेंद्र कांबोज चमरोड़ी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मास्टर जंगशेर सिंह राणा ने जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सुभाष गुर्जर ने बताया कि पूरे जिले में संगठन को मजबूत कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। हर ब्लॉक के हर गांव में कमेटियां बनाई जाएंगी।



यमुनानगर। गांव लाल छप्पर में आयोजित बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर को सम्मानित करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### बाढ़ पीड़ितों का सहयोग करें: टिकैत

प्रदेश में ईमानदार किसान नेता रतनमान की अगुवाई में किसानों के हर मुद्दे की लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला में जन जागरण अभियान करके संगठन को मजबूत करेंगे। पंजाब में कुदरत के कहर से किसान, मजदूर आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया और सब कुछ बर्बाद हो गया। राकेश टिकैत व रतनमान के आह्वान पर वहां पर बाढ़ पीड़ितों को जिला से राहत सामग्री के लिए सामान एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने सभी सहयोग की अपील की है।

## सिद्धिविनायक के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- गणपति उत्सवों में सुबह और शाम को भाग लेकर श्रद्धालु ले रहे हैं बप्पा से आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणपति उत्सवों में दिनों-दिन श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती जा रही है। गणपति उत्सव के छठे दिन सोमवार को भी जगह-जगह चल रहे गणपति उत्सव समारोहों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भगवान गणपति के भजनों पर जमकर झूमें। खास बात यह है कि गणपति उत्सवों में शाम के समय आयोजित होने वाले भजन कीर्तनों में कलाकार आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

सोमवार को श्रद्धालुओं ने सुबह के वक्त जहां गणपति उत्सवों में भगवान गणपति की आरती की, वहीं, शाम को मॉडल टाऊन के शक्ति नगर स्थित न्यूपार्क में चल रहे गणपति उत्सव, रामपुरा, हमीदा, विष्णुनगर, न्यू मार्किट, यमुना गली, जगाधरी, छोटी लाईन समेत अन्य स्थानों पर भगवान गणपति की मूर्तियों के समक्ष श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन किया।





यमुनानगर। मॉडल टाउन में चल रहे गणेश उत्सव में भगवान गणेश जी की आरती वंदना करते व भजन कीर्तन में आकर्षक झांकी निकालकर प्रतिभा दिखाते कलाकार।

### आरती की

मौके पर श्रद्धालुओं ने गणपति वंदना के साथ-साथ राधाकृष्ण के भजनों पर झूम कर भक्तिभाव दर्शाया। जगाधरी में चल रहे गणेश उत्सव में भजन गायकों द्वारा गणपति जी के साथ-साथ भोलेनाथ, कृष्ण जी, सांई बाबा जी के भजनों को प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। मौके पर श्रद्धालु गोबिंद, श्रीपाल, मनोज कुमार व सतीश आदि ने बताया कि गणपति जी की असीम कृपा से वह हर वर्ष गणपति उत्सव मनाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान रोजाना सुबह व शाम को गणपति जी का पूजन व आरती की गई। इसके अलावा रात्रि के समय भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## रस्सी कूद में अनुराधा और प्रियांक प्रथम

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान चेस, रस्सी कूद व योग प्रतियोगिताएं हुई। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व खेल विभाग इंचार्ज डॉ. रंजना कांबोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

रस्सी कूद में बीए अंतिम वर्ष की अनुराधा, बीए प्रथम वर्ष की प्रियांक ने संयुक्त रूप से पहला स्थान अर्जित किया। बीए मनोविज्ञान ऑनर्स अंतिम वर्ष की मनीषा ने दूसरा स्थान अर्जित किया। चेस प्रतियोगिता में बीए मनोविज्ञान ऑनर्स द्वितीय वर्ष की शायना ने पहला स्थान अर्जित किया। बीए मनोविज्ञान ऑनर्स अंतिम वर्ष की गुरलीन ने दूसरा स्थान अर्जित किया। योग प्रतियोगिता में बी कॉम प्रथम वर्ष की तुलसी ने पहला, एमए योग अंतिम वर्ष की चैल्सी व अवलीन ने दूसरा स्थान अर्जित किया। वैशाली व मीनू ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान अर्जित किया। आरजू को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

### एथिलिट की डाइट की जानकारी दी

इस दौरान एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन भी किया गया। जिसमें आयुर्वेदिक डॉ. अभिमन्यू भार्गव ने छात्राओं को एथिलिट की डाइट से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। डॉ. भार्गव ने जीवन जीने के सिद्धांत के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन स्वाध्याय, एरोबिक्स योग करें। साथ ही कोई न कोई खेल अवश्य खेलें। उन्होंने कि अगर भोजन में कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, वसा, मिनरल सही नहीं होंगे तो शरीर में रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा धातुएं भी सही नहीं होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हम जैसा अन्न खाते हैं वैसा ही हमारा मन होता है। उन्होंने गट हेल्थ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. स्मृति, नीलम कांबोज, नैना, गुरमीत, दिव्या, डॉ. अमनप्रीत, डॉ. सुमन व प्रिया ने सहयोग दिया।

## बसपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

- उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को हरियाणा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बरसात के बावजूद भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन में पहुंचे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजा।

सोमवार सुबह बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में शहर के अंबेडकर भवन में इकट्ठा हुए। जिसमें मुख्य रूप से बसपा के हरियाणा प्रभारी प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपसथ्ति हुए।

इस दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभी कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकालकर जिला सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा।



यमुनानगर। प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते बसपा कार्यकर्ता।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल

हरियाणा प्रभारी प्रताप सिंह ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। दलितों, पिछड़ों और अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन तानाशाही रवैया अपनाते हुए पीड़ितों को न्याय देने की बजाय उन्हें डराने धमकाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग पीड़ित है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बेरोजगारी चरम पर है।

## बैठक में जागरण को लेकर मंथन

- बरसात के कारण छह सितंबर को होने वाले जागरण को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



श्री श्याम मित्र मंडल नाचरौन के सदस्यों की बैठक सोमवार को गांव में आयोजित हुई। जिसमें छह सितंबर आयोजित किए जाने वाले श्री खाटू श्याम जी के दूसरे विशाल जागरण के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने सर्व सम्मति से लगातार हो रही बरसात के मद्देनजर जागरण की तिथि आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अब श्री खाटू श्याम जी का गांव नाचरौन में होने वाला दूसरा विशाल जागरण 12 अक्तूबर दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। मित्र मंडल के प्रधान डॉ. लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों की डयूटियां लगा दी गई थी। श्री खाटू श्याम जी का दूसरा विशाल जागरण छह सितंबर को होना था। मगर इन दिनों पहाड़ी व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बरसात के बाद जागरण को 12 अक्तूबर को करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जागरण में श्री खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

जलभराव

### शहर की सभी सड़कों व गलियों में भरा बरसात का पानी

## बरसात से अस्त व्यस्त हुआ लोगों का जीवन

- भारी बरसात के बाद जिला प्रशासन ने की गाइड लाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला यमुनानगर में लगातार हो रही बरसात से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त बना हुआ है। हालत यह है कि शहर की प्रत्येक सड़क व गली में पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही रादौर, व्यासपुर, सरस्वती नगर, साढ़ौरा, प्रताप नगर व छछरौली में भी हालात बदतर हैं। बाजार की सड़कों पर पानी जमा है। लगातार हो रही बरसात के बाद जिला प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी की गई। लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है । सोमवार को जब लोग नींद से जागे तो उनका स्वागत बरसात से हुआ।



यमुनानगर। सोमवार को हुई मूसलाधार बरसात के चलते सड़कों पर जमा पानी व पानी से निकलते राहगीर व वाहन। फोटो : हरिभूमि

### बूर झड़ने लगा

जिले में लगातार हो रही बरसात से जहां जनमानस प्रभावित हो रहा है वहीं इसका असर फसलों पर भी देखा जा रहा है। जिले में इन दिनों धान की फसल पर बालियां आई हुई है। लगातार हो रही बरसात से धान की फसल की बालियां से बूर झड़ने लगा है। जिससे पैदावार कम होने की संभावना बनी हुई है।

### सावधानी बरतें

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि बरसात के मौसम में अधिक वर्षा होने के कारण नदियों नालों का जल स्तर बढ़ जाता है। जिसकी वजह से फसलों के नुकसान के साथ-साथ मवेशियों एवं लोगों की जान माल का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अपनी जान माल की सुरक्षा के साथ-साथ अधिक सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 01732-237801 जारी किया गया है। उन्होंने लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है।

## खबर संक्षेप

### सीजेएम ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सेंटर कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली को देखा, विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना। वहां की साफ सफाई का जायजा लिया और उनके रजिस्टर भी चेक किए।

### 10 सितंबर तक खुला रहेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 10 सितंबर 2025 तक खोला जा चुका है। इस पर हाल ही में आई बारिश, जलभराव और भारी वर्षा के कारण प्रभावित किसानों की सुविधा को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है। खरीफ 2025 में फसल क्षति पंजीकरण के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल जिला कुरुक्षेत्र के 75 गांव को शामिल किया गया है। सभी प्रभावित किसान 10 सितंबर तक अपने दावे पोर्टल पर दर्ज करा सकेंगे।

### सोमवार सुबह शुरू हुई झमाझम बरसात पूरा दिन लगातार रही जारी

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त निचले इलाकों में हुआ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

सोमवार सुबह शुरू हुई झमाझम बारिश पूरा दिन लगातार जारी रही, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कों तक जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विशेषकर स्कूली बच्चों को सुबह स्कूल जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बारिश के बीच बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे, वहीं कई अभिभावकों ने बच्चों को घर पर ही रोकना उचित समझा। स्कूल जाने वाले रास्तों पर कीचड़ और जलभराव के कारण फिसलने की घटनाएं भी सामने आईं। बारिश के कारण नगर क्षेत्र के कई इलाकों में कचरा और नाले का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है, जिससे आवागमन में दिक्कत रही। खासकर पूजा-अर्चना के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं को जलभराव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। गली-मोहल्लों में पानी के साथ बहकर आया कचरा जगह-जगह जमा हो गया है, जिससे दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी बढ़ने लगी है। नगर परिषद द्वारा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने शिकायत की है कि समय रहते नालों की सफाई नहीं कराए जाने के कारण हर बार बारिश में यही स्थिति उत्पन्न होती है। लोगों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि जलनिकासी, नाला सफाई और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी वर्षा के चलते कई निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे आमजन को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



कुरुक्षेत्र। सेक्टर 7 की सड़क पर हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

#### सड़कों पर जलभराव

लगातार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जल जमाव हो गया है। लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क के गड्ढों में पानी जम गया है। शनिवार को भी दिन भर घने बादल छाए रहे। दिन भर बारिश होती रही। आवागमन में भी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ा। बारिश और शहर में चारों ओर पानी ही पानी रहा। सड़कें जलमग्न रही। लगातार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। लगातार बारिश से कुछ लोगों को परेशानी भी हो रही है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल सा हो गया है। सुबह से शाम तक बाजार में लोगों का आवागमन कम दिखा। कई दुकानदारों ने कहा कि बारिश का असर बाजार पर भी पड़ा। बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या कम देखी गई।



### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा की शानदार प्रस्तुति दी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में यात्री निवास ,नीलकंठ होटल एवं पैराकीट में आयोजित पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक सुंदरता एवं ऐतिहासिक धरोहरों को चित्रों और रंगोली के माध्यम से सजीव रूप दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें संभव, नव्या सिवाच, विराज भट्ट, मन्नत सैनी (6वीं), जन्नत , सुनैना वर्मा, लवलीन कौर, मान्या, अर्नि (5वीं), जीना सैनी, युवी रोहिला, मनवीर सिंह, आरव राणा (8वीं), लविश (7वीं) एवं विधि (4वीं) ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए कला अध्यापिका मनदीप कौर ने प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राजपाल सिंह एजीएम, वीरेंद्र सिंह मैनेजर एवं ईश्वर सिंह सी.आई. हरियाणा पर्यटन विभाग , निदेशक चेष्टा सलूजा एवं मुख्याध्यापिका सुनीता रानी उपस्थित रहे। सभी अधिकारीगण बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और संस्कृति के प्रति गर्व की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने बच्चों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल अपने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता रहेगा।



### कला सृष्टि मंच ने अन्तरराष्ट्रीय कलाकार बृज शर्मा को कला सम्मान से किया अलंकृत

**कुरुक्षेत्र।** कला का सृजन ही जीवन को अर्थपूर्ण बनाने का सर्वश्रेष्ठ साधन है और जब कोई व्यक्तित्व कला, ज्ञान तथा मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत हो, तो वह समाज के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्त्रोत बन जाता है। इसी भावना के साथ कला सृष्टि मंच संस्था, कुरुक्षेत्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बृज शर्मा का विशेष सम्मान किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में नगर के लगभग 50 प्रबुद्ध परिवार जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और साहित्यकार सम्मिलित थे , ने एक स्वर में बृज शर्मा के चार दशकों से अधिक की रचनात्मक साधना और कला के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को सराहा। वरिष्ठ पत्रकार सौरभ चौधरी ने कहा कि बृज शर्मा जी केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि गुरु, मार्गदर्शक और प्रेरणा पुंज हैं, जिनकी सृजनात्मक उर्जा ने ने केवल कुरुक्षेत्र नगर, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। उनके निर्देशन एवं लेखनी से अनेक नवोदित कलाकारों ने आकार लिया और आज भी उनकी कला साधना से नई पीढ़ी निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जय भगवान सिंगला ने बताया कि कला सृष्टि के बैनर तले नाट्य मंचन, गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और संस्कारों का दीप प्रज्ज्वलित करने का श्रेय भी उन्हें जाता है। बृज शर्मा की यह साधना इस तथ्य को स्थापित करती है कि कला मात्र मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शन करने वाली प्रेरणा शक्ति है। सम्मान समारोह के अवसर पर आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद की रिटायर्ड प्रिंसिपल रमन कान्ता शर्मा ने कहा कि बृज शर्मा जी का व्यक्तित्व कला संस्कृति और मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। उनके प्रति समाज के हृदय में जो आदर और श्रद्धा है, उसे शब्दों में बांधना कठिन है।



### विजेता खिलाड़ी का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जिला फतेहाबाद में किया गया। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी और गांव दयालपुर के स्थाई निवासी युवराज 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रतिभागिता और शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में युवराज ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाते हुए अपने स्कूल व जिले का नाम रोशन किया युवराज के स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं द्वारा उसका स्वागत किया गया। अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिमा शर्मा , फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट से वीरेंद्र रावत एवं अमृत पाल सिंह उपस्थित थी।



### सेक्टर पांच वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव में सुनील दत्त शर्मा के पैनल ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर पांच में सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में सुनील दत्त शर्मा के पैनल ने एक कड़े मुकाबले में सचिन गुप्ता के पैनल को हराया। चुनाव में प्रधान पद के लिए कुल डाले गए 470 वोटों में से सुनील दत्त शर्मा को 252 वोट मिले, जबकि सचिन गुप्ता को 213 वोट मिले। घोषित परिणामों में सुनील दत्त शर्मा पैनल के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उपप्रधान पद के लिए लेख राज लाठर को 246 वोट मिले, जबकि दूसरे गुट के राधाकृष्ण नैन को 220 वोट मिले। सचिव पद के लिए दर्शन गुलाटी को 260 वोट मिले, जबकि दूसरे गुट के रमेश कुमार को 207 वोट मिले। सहसचिव पद के लिए श्याम लाल सैनी को 242 वोट मिले, जबकि मीना शर्मा को 220 वोट मिले। इसी तरह खजांची पद के लिए सुरेंद्र गर्ग को 244 वोट मिले, जबकि दूसरे गुट के सुरेंद्रपाल को 222 वोट मिले। नव निर्वाचित प्रधान सुनील शर्मा ने इस जीत का श्रेय सभी सेक्टरवासियों को देते हुए सभी पैनल उम्मीदवारों की तरफ से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर निवासियों को साथ लेकर सेक्टर के समग्र विकास और कल्याण के लिए काम करेंगे तथा सेक्टर में प्यार और सौहार्द का वातावरण बनाए रखेंगे।

## बैठक में विभिन्न संगठनों ने कुरुक्षेत्र को वैश्विक स्तर पर धार्मिक व आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लिए किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. कृष्ण श्योकंद अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला ने की। बैठक में कुरुक्षेत्र को वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बनाने हेतु ठोस रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 50 से अधिक प्रमुख धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं आश्रम, मंदिर, गौशालाएँ, शैक्षणिक संस्थान एवं धर्मशालाओं के प्रतिनिधि उत्साह और एकजुटता के साथ शामिल हुए। सभी ने कुरुक्षेत्र की गरिमा और महिमा को पुनः स्थापित करने के लिए सरकार के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी।

बैठक की मुख्य माँगों में सार्वजनिक परिवहन सुधार ऑटो व ई-रिक्शा के लिए निश्चित किराया प्रणाली, चालकों को आचार-व्यवहार एवं आध्यात्मिक ज्ञान का प्रशिक्षण, यात्रियों का स्वागत 'जय श्रीकृष्ण' से करने की परंपरा और कुरुक्षेत्र दर्शन बस सेवा की शुरुआत। स्वच्छता अभियान पार्क, सड़क, गलियों, सरोवरों एवं मंदिरों की नियमित सफाई व रखरखाव। डिजिटलाइजेशन 84 कोस की परिक्रमा का वर्चुअल टूर, प्रमुख तीर्थस्थलों व मंदिरों की ऑनलाइन जानकारी। आकर्षणों का निर्माण महाभारत व गीता से संबंधित भव्य प्रतिमाएँ, थीम पार्क तथा सार्वजनिक स्थलों पर गीता श्लोक अंकित करना।

श्रीकृष्ण संग्रहालय इसे राष्ट्रीय संग्रहालय का दर्जा दिया जाए। कुरुक्षेत्र स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनों का ठहराव और परिसर में महाभारत-गीता आधारित प्रदर्शनी। कुरुक्षेत्र में हवाई अड्डा निर्माण। बैठक में सभी संगठनों ने सरकार को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र में इंजीनियरिंग के विभागों और छात्र सुविधाओं का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र प्रदेश, देश और पूरे विश्व में अपने होनहार छात्रों के विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। नए विभाग, जोकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भविष्य में देश और दुनिया की जरूरतों को देखते हुए खोले गए है, छात्रों को नयी टेक्नोलॉजी के अनुरूप तैयार करेंगे। यह बात डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार, अध्यक्ष, नियामक बोर्ड, एनआईटी कुरुक्षेत्र ने संस्थान में इंजीनियरिंग के 4 विभागों और के उद्घाटन करते हुए कही। संस्थान के निदेशक प्रो. बी.वी. रमणा रेड्डी ने बताया कि प्रोद्यौगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए एनआईटी कुरुक्षेत्र में रोबोटिक्स और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग, ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग, डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विभाग और वीएलएसआई डिजाइन और सिस्टम इंजीनियरिंग विभाग खोले गए हैं। साथ ही छात्रों के शैक्षणिक विकास समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रोफ. राजू पाण्डेय, प्रो. वी.पी. सिंह, प्रो. सरस्वती सेतिया, प्रो. आर.के. शर्मा, प्रो. दीक्षित गर्ग, प्रो. ए.के. सिंह, प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रो. ऐ.एस.वी. रविकांत, डॉ. विकास खर्ब, डॉ. रविंद्र, एस.एन. कौशिक, राजेश कुमार सहित अध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। कंप्यूटिंग प्रयोगशाला का उद्घाटन करते अतिथिगण।

### गांव में पंचायत दिन-रात ठीकरी पहरा लगाना करेंगे सुनिश्चितः मीणा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायत दिन और रात के समय गश्त ड्यूटी करने के लिए ठीकरी पहरा लगाना सुनिश्चित करेंगे। इसके कार्य में गांवों के सक्षम वयस्क पुरुष को जिम्मेदारी दी जाए। जो बरसात के मौसम में किसी भी दुर्घटना से बचने, जन सुरक्षा तथा संपत्ति की सुरक्षा के लिए निरीक्षण करके जायजा लें। सभी सरकारी स्टेशनों, जलघरों और अन्य सभी सरकारी भवनों पर अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में निगरानी और निगरानी के लिए पर्याप्त प्रावधान करेंगे। साथ ही कोई भी अधिकारी व कर्मचारी आगामी आदेशों तक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।



### छात्राओं को सकारात्मक सोच अपनाने और मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सचदेवा ने छात्राओं को किशोरावस्था में आने वाली कठिनाइयों, उनके समाधान, संतुलित आहार, पोषण, स्वच्छता, आत्म-सुरक्षा और आत्म-विश्वास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने छात्राओं को जंक फूड से बचने और शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक एवं रोटरी क्लब डायरेक्टर कुलदीप गुप्ता ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें जागरूकता कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब सचिव विक्रम गुप्ता ने छात्राओं से आत्म-विश्वास बढ़ाने और जीवन में अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। रोटरी क्लब प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने छात्राओं को सकारात्मक सोच अपनाने और मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रशासन और प्राचार्या का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए धन्यवाद भी किया। विद्यालय की प्राचार्या रेखा सेतिया ने रोटरी क्लब और इन्नर व्हील क्लब के सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर को-पायलट प्रोजेक्ट एंड डायरेक्टर मधु गुप्ता, असिस्टन्ट रोटरी गवर्नर डॉ. एस. एस. आहूजा, सदस्य महक गुप्ता, इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रेनू वधवा तथा उप-प्रधान सविता गुप्ता ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई इसके अतिरिक्त अध्यापक वर्ग झ्र मोनिका छाबड़ा, कृष्ण चंद्र, ज्ञान देवी, ज्योति बाला, सुनीता गाबा, निधि शर्मा, विनय कुमार, कमलजीत, सुषमा शर्मा, रीना रानी, रेनू बाला, सीमा रानी, मंदीप कौर, ममता शर्मा, अनु बाला, बलराम, योगिता, प्रियंका शर्मा, मानसी, दिव्या, महक, गीतू शर्मा, गुरप्रीत कौर, गुरप्रीत शर्मा, सपना, तरुण, सर्वजीत, अनु सोढ़ी सहित पूरा स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## युवाओं को संस्कारवान बनाने में भारत विकास परिषद् का महत्वपूर्ण योगदानः उपेंद्र सिंघल

- समूह गान प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र प्रथम, गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वितीय व बी आर इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

युवाओं को संस्कारवान बनाने और उनमें राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने में भारत विकास परिषद् मैत्री शाखा का महत्वपूर्ण योगदान है। यह विचार कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में भारत विकास परिषद की मैत्री शाखा द्वारा राष्ट्रीय हिंदी व समूह गान प्रतियोगिता में मुख्यातिथि अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपनी संस्कृति और संस्कारों के लिए हमेशा कुछ न कुछ अच्छे कार्य करते रहें। उन्होंने राष्ट्र प्रेम, सेवा और संगीत को आत्मसात करने के लिए भी छात्रों को प्रेरित किया।हिंदी गान प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र की टीम ने प्रथम, गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम ने द्वितीय व बी आर इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।संस्कृत भाषा में आयोजित गीत गायन प्रतियोगिता में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, गुरुकुल कुरुक्षेत्र एवं बी.आर इंटरनेशनल स्कूल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भारत विकास परिषद मैत्री शाखा कुरुक्षेत्र की अध्यक्ष डॉ ममता सचदेवा ने मुख्यातिथि उपेंद्र सिंघल व विशिष्ट अतिथि प्रेरणा संस्था के संस्थापक जय भगवान सिंगला का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्कृत एवं हिंदी दोनों भाषाओं में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। शाखा की अध्यक्ष डॉ ममता सचदेवा ने शाखा कि गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत विकास परिषद संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के कार्य में लगी है। प्रतियोगिता की निष्पक्षता को बनाए रखने हेतु प्रतिभागी विद्यालयों का नाम गोपनीय रखते हुए उन्हें टीम नंबर प्रदान किए गए। डॉ ममता सचदेवा ने समूह गान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया तथा भव्य कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सदस्यों, अतिथिगण तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।विशिष्ट अतिथि के तौर पर आए जय भगवान सिंगला ने भारत विकास परिषद के पांच सूत्रों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

निर्णायक मंडल में डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. अनिता चौहान एवं डॉ हरि प्रकाश ने भूमिका निभाई। सुशील सूद तथा तथा डॉ ममता सचदेवा द्वारा भारत विकास परिषद के नए सदस्यो रंजन अग्रवाल एवं मधु जुनेजा को बैच लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों व सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. सुनीता दलाल, डॉ. रमेश ढांडा, डॉ. सुशील सूद, डॉ. मेघा गुप्ता,डॉ. उर्मिला व डॉ. उत्कर्ष आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में गीता निकेतन विद्या मंदिर में 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' विषय को लेकर पांच संकल्प लिए गए। प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने वंदना सभा में सभी विद्यार्थियों, आचार्यों व कर्मचारियों को पांच संकल्प जिसमें स्वच्छ- अनुशासित और प्रेरणादायी विद्यालय, विद्यालय की संपत्ति- राष्ट्रधन, शिक्षा- चरित्र निर्माण और समाज सेवा, समरसता और भाईचारे का वातावरण, विद्यालयों को तीर्थ मानना संकल्प दिलवाएं गए। उन्होंने सभी को संकल्प का अर्थ व जीवन में उसके महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त संकल्प को पूरा करने पर न केवल हमारा विद्यालय अनुशासित और प्रेरणादाई होगा बल्कि संपूर्ण भारत विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा और संकल्प केवल एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि एक नए आंदोलन की शुरूआत होता है। इसलिए हम सभी को उपरोक्त दिए गए संकल्पों को निष्ठा पूर्वक निभाना है। अंत में भारत माता की जय और हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान उद्घोष भी लगवाए गएं।

### इस्कॉन मंदिर में हुए राधा रानी के दुर्लभ चरण दर्शन



**कुरुक्षेत्र।** राधाष्टमी यानी श्रीमति राधारानी का प्राकट्य उत्सव। यह प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के पंद्रह दिन बाद मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी, मैन बाजार स्थित इस्कॉन के श्री राधा राधाकांत मंदिर में राधाष्टमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्म मुहूर्त में राधारानी के चरण दर्शन से हुई, जो कि वर्ष में केवल एक दिन ही किए जा सकते हैं। मंगल आरती के बाद भक्तों ने कीर्तन और नृत्य के साथ सेलिब्रेट किया। करीब 10:30 बजे भगवान श्री कृष्ण और राधारानी का अभिषेक किया गया। कीर्तन और अभिषेक के पश्चात राधारानी के तत्त्व और लीलाओं पर आधारित मधुर कथा हुई। इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमान साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि राधा रानी की कृपा के बिना किसी को भगवान श्री कृष्ण मिलने वाले नहीं है।भगवान गीता में अर्जुन को बता रहे है कि कोई भी मेरे भक्त की कृपा के बिना मुझे कोई भी प्राप्त नहीं कर सकता। राधा रानी जी कृष्ण की सबसे बड़ी भक्त है। अगर भगवान को प्राप्त करना है उनकी कृपा प्राप्त करनी है तो श्रीमती राधा रानी को प्रसन्न करना होगा। कुरुक्षेत्र धाम की विशेषता बताते हुए उपाध्यक्ष श्रीमान मोहन गौरचंद्र प्रभुजी ने बताया कि ब्रज के बाहर कुरुक्षेत्र एकमात्र ऐसा स्थान है जहां श्रीमति राधारानी ने भ्रमण किया। इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी बचपन से ही श्रीमति राधारानी के परम भक्त थे, जिन्होंने लंदन में राधा कृष्ण का पहला मंदिर स्थापित किया। उसके बाद श्रील प्रभुपाद जी ने पूरे विश्व में 100 से अधिक मंदिरों की स्थापना की।

